मेला बाबा श्याम का | by Priyanka Malra

गूँज रहा जयकार जगत में श्याम धणी के नाम का
फागुन का मेला आया, आया जी बाबा श्याम का

लम्बी लम्बी लगी कतारे इत्र श्याम का बरसे
मस्ती लेने को इस मेले की देव लोक भी तरसे
देते पहरा अंजनी लाला रास ओ राधे श्याम का
फागुन का मेला आया, आया जी बाबा श्याम का

चंग बजे और बजे नगाड़े प्रेमी धूम मचाये
फागुन का ये मेला ऐसा सबका मन हर्षाये
चलो चले अब श्याम की नगरी वक़्त नहीं आराम का
फागुन का मेला आया, आया जी बाबा श्याम का

दुनिया में ये देव एक है हारे का है सहारा
दीन जनो के संकट हरता बाबा श्याम हमारा
दर्शन कर चढ़ जाता सर पे जादू श्याम के नाम का
फागुन का मेला आया, आया जी बाबा श्याम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-priyanka-malra/